**शिक्षा निदेशालय**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**अभ्यास प्रश्न-पत्र**
**कक्षा-XII (2026-27)**
**भूगोल (कोड: 029)**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 70**

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न-पत्र **में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. यह प्रश्न-पत्र **पाँच खंडों–A, B, C, D तथा E–में विभाजित** है।
3. खंड A में **प्रश्न संख्या 1 से 17 तक बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. खंड B में **प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत-आधारित प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
5. खंड C में **प्रश्न संख्या 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।
6. खंड D में **प्रश्न संख्या 24 से 28 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।
7. खंड E में प्रश्न संख्या **29 और 30 मानचित्र-आधारित प्रश्न** हैं, जो क्रमशः भौगोलिक विशेषताओं की पहचान तथा अवस्थिति दर्शाने एवं नामांकन से संबंधित हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
8. आपको प्रदान किए गए भारत एवं विश्व के रूपरेखा मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
9. रूपरेखा मानचित्र बनाने के लिए टेम्पलेट अथवा स्टेंसिल के प्रयोग की अनुमति है।


| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-A** | |
| Q.1 | निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधियाँ प्राथमिक क्रियाकलापों के अंतर्गत आती हैं?<br>1. मत्स्यन<br>2. खनन<br>3. कृषि<br>4. लोहा एवं इस्पात विनिर्माण<br>A. केवल 1 और 2<br>B. केवल 1, 2 और 3 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | C. केवल 2 और 4<br>D. 1, 2, 3 और 4 | |
| Q.2 | भारत में सिंचाई के जल का मुख्यतः उपयोग किसके लिए किया जाता है?<br>A. उद्योग<br>B. घरेलू उपयोग<br>C. कृषि<br>D. परिवहन | 1 |
| Q.3 | नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं। नीचे दिए गए कूटों के अनुसार सही विकल्प चुनिए।<br>अभिकथन (A): द्वितीयक क्रियाकलाप प्राथमिक क्रियाकलापों से प्राप्त कच्चे माल के मूल्य में वृद्धि करते हैं।<br>कारण (R): विनिर्माण एवं प्रसंस्करण क्रियाकलाप कच्चे माल को उपयोगी तैयार अथवा अर्द्ध-तैयार वस्तुओं में परिवर्तित करते हैं।<br>A. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।<br>B. A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>C. A सही है, परंतु R गलत है।<br>D. A गलत है, परंतु R सही है। | 1 |
| Q.4 | सतत विकास के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?<br>A. वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधनों का अधिकतम दोहन करना।<br>B. केवल आर्थिक विकास को प्राथमिकता देना।<br>C. वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भावी पीढ़ियों की अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की क्षमता को बनाए रखना।<br>D. विकास की प्रक्रिया में प्राकृतिक संसाधनों की भूमिका को समाप्त करना। | 1 |
| Q.5 | निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में नियोजन का उद्देश्य नहीं है?<br>A. क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना।<br>B. संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग।<br>C. पिछड़े क्षेत्रों के विकास को प्रोत्साहित करना।<br>D. विकास को केवल चयनित क्षेत्रों तक सीमित रखना। | 1 |
| Q.6 | नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं। नीचे दिए गए कूटों के अनुसार सही विकल्प चुनिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | अभिकथन (A): मानव विकास केवल आय में वृद्धि तक सीमित नहीं है।<br><br>कारण (R): मानव विकास का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर सहित अधिक विकल्प उपलब्ध कराना है।<br><br>A. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।<br>B. A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>C. A सही है, परंतु R गलत है।<br>D. A गलत है, परंतु R सही है। | |
| Q.7 | एक किसान वर्षा पर पूर्णतः निर्भर रहने के स्थान पर सिंचाई, उच्च उपज देने वाले बीज, रासायनिक उर्वरक तथा आधुनिक मशीनरी का उपयोग करता है और बाजार के लिए फसलें पैदा करता है। यह उदाहरण कृषि की किस विशेषता को सर्वाधिक उपयुक्त रूप से दर्शाता है?<br><br>A. आदिम निर्वाह कृषि<br>B. आधुनिक वाणिज्यिक कृषि<br>C. चलवासी पशुचारण<br>D. संग्रहण | 1 |
| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?<br><br>A. लौह अयस्क – धात्विक खनिज<br>B. कोयला – परंपरागत ऊर्जा स्रोत<br>C. पेट्रोलियम – जीवाश्म ईंधन<br>D. अभ्रक – ऊर्जा संसाधन | 1 |
| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति प्रकीर्ण ग्रामीण बस्ती के विकास के लिए अधिक अनुकूल है?<br><br>A. समतल उपजाऊ मैदान तथा अत्यधिक जनसंख्या दबाव<br>B. सीमित कृषि भूमि तथा मकानों का अत्यधिक संकेंद्रण<br>C. असमतल भू-भाग, जहाँ कृषि क्षेत्रों और आवासों के बीच अपेक्षाकृत अधिक दूरी हो<br>D. अत्यधिक विकसित केंद्रीय व्यापारिक क्षेत्र | 1 |
| Q.10 | भारत में जनसंख्या वृद्धि को समझने के लिए केवल जन्म दर पर विचार करना पर्याप्त क्यों नहीं है?<br><br>A. क्योंकि जनसंख्या परिवर्तन मृत्यु दर और प्रवास से भी प्रभावित होता है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | B. क्योंकि जन्म दर का जनसंख्या परिवर्तन से कोई संबंध नहीं है।<br>C. क्योंकि जनसंख्या वृद्धि केवल क्षेत्रफल पर निर्भर करती है।<br>D. क्योंकि सभी क्षेत्रों में मृत्यु दर समान रहती है। | |
| Q.11 | मान लीजिए कि दो देशों की प्रति व्यक्ति आय समान है। देश X में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ बेहतर हैं, जबकि देश Y में इन सुविधाओं का स्तर निम्न है। मानव विकास के दृष्टिकोण से कौन-सा निष्कर्ष अधिक उपयुक्त है?<br>A. दोनों देशों का मानव विकास स्तर अनिवार्य रूप से समान होगा।<br>B. देश X का मानव विकास स्तर अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है।<br>C. देश Y का मानव विकास स्तर निश्चित रूप से अधिक होगा।<br>D. मानव विकास का शिक्षा और स्वास्थ्य से कोई संबंध नहीं है। | 1 |
| Q.12 | विश्व जनसंख्या के वितरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?<br>1. जनसंख्या का वितरण अत्यंत असमान है।<br>2. अनेक क्षेत्रों में नदी घाटियाँ और उपजाऊ मैदान सघन जनसंख्या को आकर्षित करते हैं।<br>3. अत्यधिक शुष्क तथा अत्यधिक शीत प्रदेशों में सामान्यतः जनसंख्या घनत्व कम होता है।<br>4. मानव जनसंख्या का वितरण केवल जलवायु द्वारा निर्धारित होता है।<br>A. केवल 1 और 2<br>B. केवल 1, 2 और 3<br>C. केवल 2, 3 और 4<br>D. 1, 2, 3 और 4 | 1 |
| Q.13 | निम्नलिखित का सुमेलन कीजिए:<br>सूची-I — सूची-II<br>1. निवल बोया गया क्षेत्र — a. वह भूमि जिस पर वर्ष में कम-से-कम एक बार फसल बोई गई हो<br>2. परती भूमि — b. कुछ अवधि के लिए खेती से बाहर रखी गई भूमि<br>3. कृषि योग्य बंजर भूमि — c. खेती के लिए उपयुक्त, किंतु वर्तमान में उपयोग में न लाई जा रही भूमि<br>4. फसल सघनता — d. एक ही भूमि पर बहुफसलीकरण को दर्शाने वाला अनुपात<br>A. 1-a, 2-b, 3-c, 4-d<br>B. 1-b, 2-a, 3-d, 4-c<br>C. 1-c, 2-b, 3-a, 4-d<br>D. 1-a, 2-c, 3-d, 4-b | 1 |


| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | भारत में क्षेत्रीय विषमताओं को कम करने का प्रमुख साधन क्या है?<br>A. औद्योगीकरण को रोकना<br>B. नियोजन<br>C. प्रवास में वृद्धि करना<br>D. नगरीकरण को कम करना | 1 |
| | **निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या 15, 16 तथा 17 के उत्तर दीजिए।**<br>रालेगण सिद्धि महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले का एक छोटा-सा गाँव है। यह पूरे देश में जल-संभर विकास का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। वर्ष 1975 में यह गाँव गरीबी और अवैध शराब के व्यापार के जाल में फँसा हुआ था। परिवर्तन तब आरंभ हुआ जब सेना से सेवानिवृत्त एक व्यक्ति गाँव में आकर बस गया और उसने जल-संभर विकास का कार्य अपने हाथ में लिया। उसने ग्रामीणों को परिवार नियोजन और स्वैच्छिक श्रम के महत्व के साथ-साथ खुले में पशु चराने तथा वृक्षों की कटाई पर रोक और मद्यनिषेध के लिए प्रेरित किया। सरकारी वित्तीय सहायता पर न्यूनतम निर्भरता सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक श्रम आवश्यक था। कार्यकर्ता के अनुसार, इससे "परियोजनाओं की लागत का सामाजिककरण हुआ।" गाँव से बाहर कार्य करने वाले लोगों ने भी प्रतिवर्ष एक माह का वेतन देकर विकास में योगदान दिया। कार्य की शुरुआत गाँव में निर्मित परकोलेशन टैंक से हुई। वर्ष 1975 में यह टैंक पानी रोक नहीं पाता था क्योंकि तटबंध की दीवार से रिसाव होता था। ग्रामीणों ने स्वेच्छा से तटबंध की मरम्मत की। इसके नीचे स्थित सात कुओं में पहली बार गर्मियों में भी पर्याप्त पानी भर गया। लोगों का उसके नेतृत्व और दृष्टिकोण पर विश्वास बढ़ा। 'तरुण मंडल' नामक युवा समूह का गठन किया गया। इस समूह ने दहेज प्रथा, जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए कार्य किया। शराब बनाने वाली इकाइयाँ हटाई गईं और मद्यनिषेध लागू किया गया। खुले में पशु चराना पूर्णतः प्रतिबंधित कर पशुओं को बाड़े में चारा खिलाने पर बल दिया गया। गन्ने जैसी अधिक जल की आवश्यकता वाली फसलों की खेती पर रोक लगाई गई तथा दलहन, तिलहन और कम जल की आवश्यकता वाली कुछ नकदी फसलों को प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय निकायों के चुनाव सर्वसम्मति से होने लगे। न्याय पंचायतों की व्यवस्था भी स्थापित की गई। गाँव के संसाधनों से ही 22 लाख रुपये की लागत का विद्यालय भवन बनाया गया; कोई दान नहीं लिया गया। आवश्यकता पड़ने पर धन उधार लेकर वापस चुकाया गया। इस आत्मनिर्भरता ने ग्रामीणों में गौरव और स्वैच्छिक सहयोग की भावना को बढ़ाया। कृषि कार्यों में लोग एक-दूसरे की सहायता करने लगे और भूमिहीन श्रमिकों को भी रोजगार प्राप्त हुआ। | |
| Q.15 | रालेगण सिद्धि में जल-संभर विकास के लिए किस प्रकार की सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया?<br>A. केवल सरकारी सहायता<br>B. स्वैच्छिक श्रम<br>C. निजी कंपनियों की सहायता<br>D. विदेशी सहायता | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| Q.16 | किसी गाँव में सीमित जल संसाधनों के बावजूद किसान अधिक जल की आवश्यकता वाली फसलें उगाते हैं। रालेगण सिद्धि मॉडल के आधार पर सबसे उपयुक्त निर्णय क्या होगा?<br>A. अधिक जल की आवश्यकता वाली फसलों का विस्तार करना<br>B. कम जल की आवश्यकता वाली फसलों को प्रोत्साहित करना<br>C. सिंचाई को पूर्णतः बंद कर देना<br>D. केवल नकदी फसलें उगाना | 1 |
| Q17 | रालेगण सिद्धि में जल-संभर विकास कार्य की शुरुआत किसके निर्माण से हुई?<br>A. नहर<br>B. परकोलेशन टैंक<br>C. बड़ा बाँध<br>D. वर्षाजल पाइपलाइन | 1 |
| **खंड-B** | | |
| Q.18 | **प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।**<br> | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्र. दिए गए विश्व मानचित्र का अध्ययन कीजिए, जिसमें निर्वाह आखेट एवं खाद्य संग्रहण से संबंधित क्षेत्रों को दर्शाया गया है। निम्नलिखित की पहचान कर उनके सही नाम लिखिए:<br>18.1 A से चिह्नित उस महाद्वीप की पहचान कीजिए, जिसके कुछ क्षेत्रों में निर्वाह आखेट एवं खाद्य संग्रहण किया जाता है।<br>18.2 B से चिह्नित उस महाद्वीप की पहचान कीजिए, जिसके कुछ क्षेत्रों में निर्वाह आखेट एवं खाद्य संग्रहण किया जाता है।<br>18.3 मानचित्र में छायांकित क्षेत्रों द्वारा दर्शाए गए प्राथमिक क्रियाकलाप का नाम लिखिए।<br><br>**टिप्पणी: दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर**:<br>18.1 विश्व के किसी एक ऐसे क्षेत्र का नाम लिखिए जहाँ आज भी आखेट एवं संग्रहण किया जाता है।<br>18.2 खाद्य संग्रहण से प्राप्त किसी एक उत्पाद का नाम लिखिए।<br>18.3 निर्वाह आखेट एवं संग्रहण की कोई एक विशेषता बताइए। | 1+1+1=<br>3 |
| Q.19 | भारत में जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पक्ष किशोर जनसंख्या की वृद्धि है। वर्तमान में 10-19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का हिस्सा लगभग 20.9 प्रतिशत (2011) है, जिसमें पुरुष किशोर 52.7 प्रतिशत तथा महिला किशोर 47.3 प्रतिशत हैं। किशोर जनसंख्या को उच्च संभावनाओं वाली युवा जनसंख्या माना जाता है, किंतु उचित मार्गदर्शन और दिशा न मिलने पर यह अत्यंत संवेदनशील भी हो सकती है। किशोरों से संबंधित समाज के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं, जैसे कम आयु में विवाह, निरक्षरता–विशेषकर महिला निरक्षरता, विद्यालय छोड़ना, पोषक तत्वों का कम सेवन, किशोर माताओं में मातृ मृत्यु की उच्च दर, HIV और AIDS संक्रमण, शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता, नशीले पदार्थों और मद्य का दुरुपयोग, किशोर अपराध आदि। इन परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार ने किशोर समूहों को उचित शिक्षा प्रदान करने तथा उनकी प्रतिभाओं को सही दिशा देकर उनका समुचित उपयोग करने के लिए विभिन्न नीतियाँ अपनाई हैं। राष्ट्रीय युवा नीति इसका एक उदाहरण है, जिसका उद्देश्य देश की विशाल युवा एवं किशोर जनसंख्या का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।<br><br>**दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**:<br>19.1 भारत में किशोर जनसंख्या को संभावनाशील होने के साथ-साथ संवेदनशील क्यों माना जाता है?<br>19.2 गद्यांश में उल्लिखित किशोर जनसंख्या के समक्ष उपस्थित किन्हीं दो प्रमुख चुनौतियों की पहचान कीजिए।<br>19.3 राष्ट्रीय युवा नीति जैसी सरकारी पहलें किशोरों के विकास में किस प्रकार योगदान दे सकती हैं? | 1+1+1=<br>3 |
| | **खंड-C** | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | नव-नियतिवाद की अवधारणा पर्यावरणीय नियतिवाद और संभववाद के बीच किस प्रकार संतुलन स्थापित करती है? स्पष्ट कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>प्रौद्योगिकीय प्रगति ने मानव और प्राकृतिक पर्यावरण के पारस्परिक संबंधों को किस प्रकार प्रभावित किया है? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| Q.21 | आधुनिक उद्योग कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में संकेंद्रित होकर औद्योगिक संकुल क्यों बनाते हैं? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। | 3 |
| Q.22 | भारत में भौतिक परिस्थितियाँ ग्रामीण बस्तियों के प्रकार एवं प्रतिरूप को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। तीन उपयुक्त बिंदुओं द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। | 3 |
| Q.23 | क्षेत्र-विशिष्ट नियोजन ने भरमौर क्षेत्र की जनजातीय जनसंख्या के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में किस प्रकार योगदान दिया? स्पष्ट कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र के विकास में पारिस्थितिकीय सततता एक महत्वपूर्ण विचार क्यों है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। | 3 |
| | **खंड-D** | |
| Q.24 | भारत के अनेक भागों में जल की कमी क्यों बढ़ रही है? कोई दो कारण बताइए। जल संसाधनों के संरक्षण एवं सतत प्रबंधन के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए।<br><br>**अथवा**<br><br>भारत में प्रति व्यक्ति कृषि भूमि की उपलब्धता में कमी चिंता का विषय क्यों है? दो कारण दीजिए। भारतीय कृषि के समक्ष उपस्थित किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं की व्याख्या कीजिए। | 2+3=5 |
| Q.25 | स्पष्ट कीजिए कि भौतिक पर्यावरण, प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में विविधताओं के कारण विश्व में कृषि पद्धतियों के विभिन्न रूप किस प्रकार विकसित हुए हैं। | 5 |
| Q.26 | भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रमुख अवस्थाओं का वर्णन कीजिए तथा वृद्धि दर में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br><br>भारत में जनसंख्या घनत्व की स्थानिक विविधताओं का परीक्षण कीजिए। उत्तरी मैदानों और केरल में अपेक्षाकृत अधिक जनसंख्या घनत्व क्यों पाया जाता है? | |
| Q.27 | भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सतत विकास की प्राप्ति के लिए गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के महत्व का परीक्षण कीजिए। | 5 |
| Q.28 | "विकास तभी सार्थक है जब वह लोगों के विकल्पों का विस्तार करे और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाए।" मानव विकास के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>किसी क्षेत्र में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर्ज की जाती है, किंतु उसके लाभ समाज के एक छोटे वर्ग तक सीमित हैं। साथ ही संसाधनों का अत्यधिक उपयोग भावी पीढ़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों को प्रभावित कर रहा है। मानव विकास के स्तंभों के संदर्भ में इस विकास प्रतिरूप का मूल्यांकन कीजिए। | 5 |
| | **खंड-E** | |
| Q.29 | **दिए गए विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर सात भौगोलिक विशेषताओं को A, B, C, D, E, F और G से चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से इनमें से किन्हीं पाँच की पहचान कीजिए तथा प्रत्येक विशेषता के निकट खींची गई रेखा पर उसका सही नाम लिखिए।**<br>A. विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि का क्षेत्र<br>B. निर्वाह संग्रहण का क्षेत्र<br>C. चलवासी पशुचारण का क्षेत्र<br>D. मिश्रित कृषि का क्षेत्र<br>E. वाणिज्यिक पशुपालन का क्षेत्र<br>F. चलवासी पशुचारण का क्षेत्र<br>G. मिश्रित कृषि का क्षेत्र | 5 |




**टिप्पणी: दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर:**

29.1 विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए जो अफ्रीका में स्थित है।

29.2 उत्तर अमेरिका में स्थित निर्वाह संग्रहण के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.3 एशिया में स्थित चलवासी पशुचारण के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.4 दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में स्थित मिश्रित कृषि के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.5 वाणिज्यिक पशुपालन के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए जो ऑस्ट्रेलिया में स्थित है।

29.6 विस्तृत चलवासी पशुचारण के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए जो अफ्रीका में स्थित है।

29.7 कृषि के किसी क्षेत्र का नाम लिखिए जो यूरोप में स्थित है।

Q.30 **भारत के राजनीतिक रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित भौगोलिक विशेषताओं में से किन्हीं पाँच की अवस्थिति उपयुक्त प्रतीकों द्वारा दर्शाइए तथा उनका नामांकन कीजिए:** 5

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

30.2 गन्ने का अग्रणी उत्पादक राज्य


30.3 ओडिशा में स्थित एक लौह अयस्क खान

30.4 सिंहभूम ताँबा खान

30.5 बिहार में स्थित एक तेल शोधनशाला

30.6 रानीगंज कोयला खान

30.7 जूट का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य

| | | |
|---|---|---|
| |  | |

**टिप्पणी: दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर।**

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए।

30.2 गन्ने के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।

30.3 ओडिशा में स्थित लौह अयस्क खान का नाम लिखिए।

30.4 झारखंड में स्थित ताँबा खान का नाम लिखिए।

30.5 बिहार में स्थित किसी एक तेल शोधनशाला का नाम लिखिए।

30.6 पश्चिम बंगाल में स्थित कोयला खान का नाम लिखिए।

30.7 जूट का सर्वाधिक उत्पादन करने वाले राज्य का नाम लिखिए।